# GOVT. HAMIDIA COLLEGE BHOPAL (M.P.)

**(P.M. College Of Excellence)**
**NAAC ACCREDITED COLLEGE B+**



# Orientation Programme

# नवांकुर प्रवेश उत्सव

## सत्र 2024–25

**1st July to 15th July 2024**

**Time : 12:00 to 1:00 PM**

**(Virtual Class Room)**

Organized By

## Govt. Hamidia College, Bhopal



**Dr. Pushplata Chouksey**
**Principal**


0755- 2660081 | heghaaccbho@mp.gov.in |

Madhya Pradesh

# परिचय–

शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, (अग्रणी) भोपाल 1946 में स्थापित के पास उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता की एक विशिष्ट विरासत है। मध्य प्रदेश के प्रमुख संस्थानों में से एक के रूप में, कॉलेज कला और वाणिज्य के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। इस आयोजन का उद्देश्य संवाद को बढ़ावा देना, अंतर्दृष्टि साझा करना और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है जो शिक्षा और कौशल विकास के भविष्य को आकार देंगे।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 में ई–प्रवेश हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत/नियम उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया 01 मई 2024 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 02 मई 2024 से प्रारंभ हो चुकी है। शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल में स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.एससी, बी.बी.ए, बी.कॉम, बी.सी.ए, बी.कॉम कंप्यूटर में विद्यार्थी प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर स्तर पर 12 विषयों में प्रवेश ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते है।

विद्यार्थी अपना आवेदन स्वयं के मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर या किसी ऑनलाइन कंप्यूटर सेंटर पर जाकर कर सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाइन सत्यापित किए जाएंगे। विद्यार्थियों द्वारा रजिस्टर्ड किए गए मोबाइल नंबर पर यदि त्रुटि सुधार से संबंधित कोई मैसेज प्राप्त होता है तब तत्काल महाविद्यालय में जाकर त्रुटि सुधार आवश्यक रूप से करवा लें। स्नातक स्तर में प्रथम चरण में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 20 मई 2024 थी। वहीं स्नातकोत्तर स्तर में प्रथम चरण में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई 2024 थी। **प्रवेश शुल्क जमा करने के बाद दिनांक 25 मई से प्रवेश प्राप्त छात्रों को महाविद्यालय में आकर दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है अन्यथा प्रवेश नहीं माना जायेगा।**

महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स की गतिविधियां संचालित की जाती है। इसके अलावा 15 रोजगारोन्मुखी सर्टिफिकेट कोर्स न्यूनतम शुल्क 500 से 1500 रू. में संचालित किये जा रहे है। महाविद्यालय में छात्रों की वार्षिक प्रवेश शुल्क स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाये – बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. एम.ए., एम.कॉम में मात्र 1400/– रू. है। इसके अलावा कोई भी मासिक फीस नहीं है। उच्च योग्यता धारक प्राध्यापकों से अध्यापन की सुविधा उपलब्ध है। सुसज्जित वर्चुअल एवं प्रशिक्षण केन्द्र, कंप्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी की मुफ्त सुविधा भी उपलब्ध है।

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न छात्रवृतियां पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, सेंट्रल सेक्टर छात्रवृत्ति, मेधावी छात्र योजना जन्कल्याण योजना का भी लाभ विद्यार्थियों को दिया जाता है। नवीन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समस्त विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आईडी (एबीसी आईडी) बनवाना आवश्यक है। इसके लिए विद्यार्थी का अंक सूची में नाम एवं जन्म तिथि आधार कार्ड से मिलना चाहिए। यदि किसी विद्यार्थी की अंकसूची एवं आधार कार्ड में भिन्नता है तब आधार कार्ड को अपडेट करवा ले। **प्रवेश या महाविद्यालय से संबंधित कोई भी जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट https://govhamidiacollege.com से विस्तार से प्राप्त की जा सकती है।**

# उद्देश्य

**शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल के नए प्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य सामान्यतः निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल करता है:**

- **कॉलेज जीवन का परिचय:** छात्रों को कॉलेज के वातावरण, सुविधाओं, संसाधनों और बुनियादी ढांचे से परिचित कराना।
- **शैक्षणिक मार्गदर्शन:** छात्रों को शैक्षणिक कार्यक्रमों, पाठ्यक्रम संरचना, मूल्यांकन विधियों और शैक्षणिक नीतियों के बारे में जानकारी देना।
- **समर्थन सेवाएं:** छात्रों को विभिन्न छात्र समर्थन सेवाओं से परिचित कराना, जैसे काउंसलिंग, स्वास्थ्य सेवाएं और शैक्षणिक सहायता।
- **कैम्पस भ्रमण:** छात्रों को कैम्पस का एक मार्गदर्शित दौरा प्रदान करना ताकि वे पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, कैंटीन और प्रशासनिक कार्यालयों जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का पता लगा सकें।
- **नियम और विनियम:** छात्रों को कॉलेज के नियम, विनियम और आचार संहिता समझाना ताकि वे एक सुचारु और अनुशासित शैक्षणिक यात्रा कर सकें।
- **सांस्कृतिक और अतिरिक्त गतिविधियाँ:** छात्रों को पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों, क्लबों और सोसायटियों में भाग लेने के महत्व को बताना ताकि उनका समग्र विकास हो तथा अच्छा नागरिक बनकर तैयार हो सके।
- **शिक्षकों और वरिष्ठों से बातचीत:** नए छात्रों, शिक्षकों और वरिष्ठ छात्रों के बीच बातचीत की सुविधा प्रदान करना ताकि एक सहयोगी और स्वागत योग्य समुदाय का निर्माण हो सके।
- **कौशल विकास:** समय प्रबंधन, अध्ययन तकनीकों और तनाव प्रबंधन जैसी आवश्यक कौशलों पर सत्र या कार्यशालाएँ प्रदान करना।
- **प्रशासनिक प्रक्रियाएं:** छात्रों को पंजीकरण, आईडी कार्ड जारी करने और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग करने जैसी प्रशासनिक प्रक्रियाओं के माध्यम से मार्गदर्शन करना।
- **सुरक्षा और सुरक्षा:** सुरक्षा प्रोटोकॉल, आपातकालीन प्रक्रियाएं और कैम्पस सुरक्षा उपायों पर जानकारी प्रदान करना।
- **समुदाय निर्माण:** छात्रों को ऐसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना जो कॉलेज में एकता और समुदाय की भावना को बढ़ावा दें।

# समय सारिणी–

| क्र. | दिनांक | गतिविधियाँ | विषय | विषय विशेषज्ञ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01.07.2024 | स्वागत एवं परिचय, महाविद्यालय की जानकारी, शैक्षणिक कार्यक्रम एवं नीतियाँ, NEP | स्वागत संबोधन, महाविद्यालय का इतिहास, विजन और मिशन, पाठ्यक्रम संरचना, अकादमिक कैलेण्डर, ग्रेडिंग प्रणाली | डॉ. शारदा सिंह<br>डॉ. जे.के. परमार<br>डॉ. रश्मि सोनी |
| 2. | 02.07.2024 | भारतीय ज्ञान परपंरा | भारतीय वैदिक पद्धति एवं प्राचीन परंपरा | डॉ. रचना मिश्रा (इतिहास विभाग) |
| 3. | 03.07.2024 | भारतीय दर्शन | भारतीय पुरातन संस्कृति | डॉ. जे. एस. दुबे (दर्शन शास्त्र विभाग) |
| 4. | 04.07.2024 | कैम्पस टूर एवं छात्र सुविधायें | टूर–<br>पुस्तकालय, प्रयोगशालायें, स्मार्ट कक्षायें, कम्प्यूटर कक्ष, रूसा कक्ष | डॉ. अमिता सिंह<br>डॉ. जूली |
| 5. | 05.07.2024 | स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना | परामर्श सेवायें –<br>कैरियर मार्गदर्शन (प्लेमेंट ड्राईव, कैरियर फेयर) | डॉ. मनोज कुमार सिन्हा<br>डॉ. शारदा गर्ग |
| 6. | 06.07.2024 | छात्र सहायता सेवायें | एंटी रैगिंग, महिला उत्पीड़न, छात्र शिकायत निवारण, छात्र काउंसिलिंग, शिक्षक–अभिभावक, छात्र क्लब, युवा उत्सव, छात्र संतुष्टी सर्वेक्षण, महाविद्यालय की बेवसाइट, ई–मेल प्रणाली | डॉ. सोना शुक्ला<br>डॉ. अपराजिता शर्मा<br>डॉ. आलोक भावसार<br>डॉ. पवन पंडित<br>डॉ. विनीता विजयवर्गीय<br>डॉ. सुमंगला पटेरिया |
| | 07.07.2024 | रविवार | | |
| 7. | 08.07.2024 | एन.एस.एस. | एन.एस.एस., शिविर, गोदग्राम कार्य एवं अन्य गतिविधियाँ | डॉ. आर. एस. नरवरिया<br>डॉ. आर. पी. शाक्या |
| 8. | 09.07.2024 | एन.सी.सी., स्पोर्टस, पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियां | एन.सी.सी., खेल, योग | डॉ. वंदना श्रीवास्तव<br>डॉ. रश्मि सोनी<br>डॉ. माया बकोरिया |
| 9. | 10.07.2024 | छात्रवृत्तियाँ, शासकीय एवं अन्य योजनाएँ | छात्रवृत्तियाँ– SC, ST, OBC, मेधावी योजना, गाँव की बेटी, सम्बल योजना, ओ. एन. श्रीवास्तव प्रतिभा सम्मान योजना | डॉ. एस. के. कुम्भारे<br>डॉ. एम. आई. मसूद<br>डॉ. दीप्ती विश्वास<br>डॉ. विनीता विजयवर्गीय<br>डॉ. वदंना सुराना<br>डॉ. ममता एक्का |
| 10. | 11.07.2024 | पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस | पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, एम.ओ.यू., सर्टीफिकेट कोर्स | डॉ. पुष्पलता चौकसे<br>प्राचार्य<br>डॉ. अनिल शिवानी |
| 11. | 01.07.2024 | बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से जुड़ी जानकारी | सी.सी.ई, प्रोजेक्ट, प्रायोगिक परीक्षा, इंटर्नशिप, फील्ड प्रोजेक्ट, अप्रेंटिसशिप | डॉ. प्रमोद वर्मा<br>मो. सिद्दीकी |
| 12. | 12.07.2024 | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) | छात्र आचार संहिता, गुणवत्ता, शैक्षणिक नैतिकता, समय प्रबंधन | डॉ. विनीता सिंह चौधरी<br>डॉ. जे.के. परमार<br>डॉ. आर. के. विजयवर्गीय<br>डॉ. हरभजन कौर खनूजा<br>डॉ. निवेदिता मुकर्जी<br>डॉ. शाहीन गनी<br>डॉ. सुमंगला पटेरिया<br>डॉ. रश्मि सोनी |